*This question paper contains 12 printed pages.]*

**3452** *Your Roll No. ......................*

# LL.B / II Term **B**

## Paper LB-202 – FAMILY LAW-II

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

**Note :** *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

**टिप्पणी :** *इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any **five** questions.*
*All questions carry equal marks.*

*कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**1.** Distinguish between a Mitakshara and a Dayabhaga coparcenary. In what manner has the legislature modified the concept of Mitakshara coparcenary through several enactments?

[P.T.O.

मिताक्षर तथा दयाभाग सहदायिकी के बीच भेद स्पष्ट कीजिए। विधायिका द्वारा मिताक्षर सहदायिकी की संकल्पना को अनेक अधिनियमों के माध्यम से किस प्रकार रूपान्तरित किया गया है ?

**2.** Distinguish between the separate and coparcenary property under Hindu law.

A, a Hindu man inherited a house from his father in 1980. He had a son S, two daughters $D_1$ and $D_2$ and a wife W. S was married to SW and had two sons, $SS_1$ and $SS_2$. A died intestate in 2002. Upon his death. S, $D_1$ and $D_2$ executed a deed each relinquishing their respective shares in the house in favour of their mother W. W now proceeded to sell the house to X. The estranged wife of S, SW who was living at her parents place with both sons $SS_1$ and $SS_2$ now files a suit challenging the capacity of W to do so, and demandes a partition of the house on the ground that since A had inherited it from his father, the same is, joint family property and both of his sons had a right by birth in it. Consequently, S alone is neither competent to execute a relinquishment of the same, nor is W competent to sell it as she is not the sole owner of it. Discuss.

हिन्दू विधि के अन्तर्गत पृथक तथा सहदायिकी सम्पत्ति के बीच भेद स्पष्ट कीजिए।

एक हिन्दू व्यक्ति A ने 1980 में अपने पिता से एक भवन विरासत में प्राप्त किया। उसके यहाँ एक पुत्र S, दो पुत्रियाँ $D_1$ तथा $D_2$ और पत्नी W है। S का विवाह SW से हुआ। उसके दो पुत्र $SS_1$ तथा $SS_2$ थे। A की 2002 में निर्वसीयती मृत्यु हो गई। उसकी मृत्यु पर S, $D_1$ तथा $D_2$ प्रत्येक ने भवन में अपने अलग-अलग शेयरों का अपनी माता W के पक्ष में अधित्यजन करते हुए विलेख निष्पादित कर दिया। W ने अब भवन को X को बेचने की कार्यवाही शुरू कर दी। S की विमुख हुई पत्नी SW जो अपने दोनों पुत्रों – $SS_1$ तथा $SS_2$ के साथ अपने माता-पिता के घर पर रही थी, W की ऐसा करने की सक्षमता को आक्षेपित करते हुए अब वाद फाइल कर देती है और इस आधार पर भवन के बंटवारे की माँग कर देती है कि चूंकि A ने इस भवन को अपने पिता से विरासत में पाया है, अतः यह अविभक्त कुटुम्ब की सम्पत्ति है तथा उसके दोनों पुत्रों का उसमें जन्म द्वारा अधिकार है। परिणामस्वरूप S अकेला न तो उसका अधित्यजन निष्पादित करने के लिए सक्षम है, न ही W उसको बेचने के लिए सक्षम है क्योंकि वह इसकी एकमात्र स्वामी नहीं है। विवेचन कीजिए।

3. Discuss who can demand a partition of the joint family property and what are the modalities of the same?

A Hindu joint family comprised of Dharam, his two major sons Varun, and Tarun, and an unmarried daughter Megha. In January, 2000, Varun demanded partition of the joint family property from his father and

demarcation of his one third share in the property. The father did not yield to his demand and consequently, Varun consulted a lawyer, drafted the petition for demanding a partition and instructed him to go and file the same in a court of law. The lawyer who was a friend of Dharam instantly informed him about the petition. Dharam immediately sold the entire joint family property including the share of Varun and used the money for marrying Megha. The suit claiming partition was filed one day after the sale of the property and the marriage of Megha was performed a month later. Varun now challenges the validity of the sale on the ground that since he had asked for partition, his status was determined at that very instance and notwithstanding the fact that there was no physical division of the property, his share could not have been sold by the *Karta*/father. Decide.

विवेचन कीजिए अविभक्त कुटुम्ब सम्पत्ति के विभाजन की माँग कौन कर सकता है तथा उसकी रूपात्मकताएँ क्या हैं ?

एक हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब का गठन धरम, उसके दो वयस्क पुत्रों वरुण तथा तरुण और अविवाहित पुत्री मेघा से मिलकर हुआ है। जनवरी, 2000 में वरुण ने अविभक्त कुटुम्ब सम्पत्ति में पिता से विभाजन तथा सम्पत्ति में अपने एक तिहाई शेयर के अभ्यंकन की माँग की। पिता ने उसकी माँग स्वीकार नहीं की जिसके परिणामस्वरूप वरुण ने एक

वकील से परामर्श किया, विभाजन की माँग हेतु याचिका का प्रारूप तैयार किया तथा उसे जाकर न्यायालय में फाइल करने की हिदायत दी। वकील ने जो धरम का मित्र था, इस याचिका की सूचना तत्काल धरम को दे दी। धरम ने वरुण के शेयर सहित सम्पूर्ण अविभक्त कुटुम्ब सम्पत्ति को तत्काल बेच डाला तथा धन का उपयोग मेघा के विवाह करने में किया। विभाजन की माँग करते हुए वाद सम्पत्ति के विक्रय के एक दिन बाद फाइल किया गया तथा मेघा का विवाह एक मास बाद किया गया। वरुण ने अब इस आधार पर सम्पत्ति के विक्रय की वैधता को आक्षेपित किया है कि चूँकि उसने विभाजन की माँग की थी, उसकी प्रास्थिति उस वाद विशेष के समय और इस तथ्य के बावजूद निर्धारित हुई थी कि सम्पत्ति का कोई भौतिक विभाजन नहीं हुआ था, तो उसके शेयर को कर्त्ता/पिता द्वारा विक्रीत नहीं किया जा सकता था। विनिश्चय कीजिए।

**4.** A, dies in 2007 as an undivided member of Mitakshara coparcenary and is survived by his parents, F and M, a step mother FW, a widow W, two sons, $S_1$, $S_2$, and a daughter D. F had married FW and M one after the other in 1950 and 1952 respectively. $S_1$ married $W_1$ in 1995 and had one son and a daughter, i.e., $SS_1$ and $SD_1$. $S_2$ had married a Christian woman under the Special Marriage Act, 1954, and had a son $SS_2$. The property consists of Rs. Ten crores. Discuss who will get the property and what would be their shares?

A की मिताक्षर सहदायिकी के अविभक्त सदस्य के रूप में 2007 में मृत्यु हो गई और उसने अपने पीछे माता-पिता F तथा M, एक सौतेली माता FW, एक विधवा W, दो पुत्र $S_1$, $S_2$ और एक पुत्री D छोड़ी है। F ने 1950 और 1952 में एक के बाद एक क्रमशः FW तथा M से विवाह किया। 1995 में $S_1$ ने $W_1$ से विवाह किया। उससे उसे एक पुत्र तथा एक पुत्री अर्थात् $SS_1$ और $SD_1$ पैदा हुए। $S_2$ ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत एक ईसाई महिला से विवाह किया जिससे उसे पुत्र $SS_2$ पैदा हुआ। सम्पत्ति 10 करोड़ रुपए की है। विवेचन कीजिए कि सम्पत्ति किनको मिलेगी और उसके शेयर क्या-क्या होंगे ?

**5.** (i) X, a Hindu male, dies intestate in 2011 and leaves behind property worth Rs 50 crores. He is survived by his parents F and M, a brother Br, widow W, two sons, $S_1$ and $S_2$ and a daughter D. His daughter D eloped with $H_2$, a married man with whom she had an affair and gave birth to a son DS from him. She died in mysterious circumstances three months later and $S_1$ and $S_2$ were booked for her murder. They took the defence that D's conduct had brought shame on the family and by killing her they have restored the honour of the family. With no one to look after DS, he was brought by X to his house and was

being raised by him. Discuss who would get his property, specifying the quantum, stating the reasons for the same.

(ii) H and W, both Hindus, brought their marriage to an end by a decree of divorce in 1989. W sought and obtained the custody of their two year old son S, and migrated to Australia. After spending nine years of lonely life, H married 39 years old Asha, a Hindu female, who was a consultant with a leading MNC in Delhi and was getting a very good pay package. She was an only child of her parents. Her father, a school teacher by profession had spent his entire savings on her education. Asha now was looking after both of her parents, who were ill, housing them in her residence that she bought with her savings and providing them appropriate medical treatment. Asha and her husband H died in a car accident in 2011. The value of her property that included the house stands at 20 Crores. Discuss who would inherit her property stating reasons for the same?

(i) एक हिन्दू पुरुष X की 2011 में निर्वसीयती मृत्यु हो गई। उसने अपने पीछे 50 करोड़ की सम्पत्ति के साथ-साथ अपने-पिता-माता F तथा M, एक भाई Br., विधवा W, दो पुत्र $S_1$ तथा $S_2$

और एक पुत्री D छोड़ी थी। उसकी पुत्री D ने एक विवाहित पुरुष $H_2$ जिसके साथ उसके प्रेम सम्बन्ध थे, के साथ सहपलायन किया और उसके साथ एक पुत्र DS को जन्म दिया। तीन मास के पश्चात् उसकी रहस्यमय परिस्थिति में मृत्यु हो गई और उसकी हत्या के लिए $S_1$ तथा $S_2$ बुक कर लिए गए। उन्होंने अपनी प्रतिरक्षा में कहा कि D के आचरण ने परिवार को लज्जा का पात्र बना दिया था तथा उसको मारकर उन्होंने परिवार के सम्मान को वापस लौटाया। DS की देखभाल करने के लिए किसी के न होने पर X उसे अपने घर ले आया और उसका पालन करने लगा। विवेचन कीजिए कि उसकी सम्पत्ति कौन प्राप्त करेगा, कितनी-कितनी प्राप्त करेगा? सकारण उल्लेख कीजिए।

(ii) दोनों हिन्दुओं H तथा W ने विवाह विच्छेद की डिक्री द्वारा अपने विवाह का अन्त कर लिया। W ने उसके दो वर्षीय पुत्र S की अभिरक्षा मांग ली तथा प्राप्त कर ली और आस्ट्रेलिया को प्रवास कर लिया। नौ वर्ष के एकाकी जीवन को व्यतीत करने के बाद H ने 39 वर्षीय हिन्दू स्त्री आशा के साथ, जो दिल्ली में एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी में परामर्शदाता थी तथा अच्छा खासा वेतन प्राप्त कर रही थी, विवाह कर लिया। वह अपने माता-पिता की इकलौती सन्तान थी। उसके पिता ने, जो एक स्कूल में अध्यापक थे, अपनी बचत की सारी राशि उसकी शिक्षा पर खर्च की थी। आशा अब अपने दोनों बीमार माता-पिता की

देखभाल कर रही थी तथा अपनी बचत की राशि से खरीदे गए घर में रख रही थी और उनको समुचित चिकित्सा उपचार जुटा रही थी। 2011 में आशा और उसके पति H की कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई। घर समेत उसकी सम्पत्ति 20 करोड़ रुपए की थी। उसकी सम्पत्ति का कौन उत्तराधिकारी होगा ? इसका कारण लिखते हुए विवेचन कीजिए।

**6.** Discuss the essentials of a valid gift and a gift made during marz-ul-maut under Muslim law.

Anees, a Muslim man inherited a house from his father and started living in it with a friend Mustafa, who was working with him in an MNC in NOIDA. Anees was relocated to Canada, by his organization, and decided to migrate there. In the farewell that was organized for him he declared before his friends that he was gifting his flat to Mustafa, who accepted the same. Giving instructions to a lawyer for mutation of the flat, Anees boarded the flight to Canada but died in the air crash. His brother sues for possession of the flat on the ground that the gift was not completed as per the provisions of Muslim law. Discuss.

विधिमान्य दान और मुस्लिम विधि के अन्तर्गत *मर्ज-उल-मौत* के दौरान दान के मूल तत्वों का विवेचन कीजिए।

एक मुस्लिम पुरुष अनीस ने अपने पिता से एक भवन विरासत में पाया तथा वह अपने दोस्त मुस्तफा, जो उसके साथ नोएडा में किसी बहुराष्ट्रीय कम्पनी में कार्यरत था, के साथ उस भवन में रहने लगा। अनीस को उसके संगठन द्वारा पुनः कनाड़ा में नियत कर दिया। उसने वहां प्रवास करने का विनिश्चय कर लिया। उसने अपने लिए आयोजित किए गए विदाई समारोह में अपने मित्रों के सामने घोषणा की कि वह अपने फ्लैट का दान मुस्तफा को कर रहा है। मुस्तफा ने दान को स्वीकार कर लिया। फ्लैट के दाखिल-खारिज की अपने वकील को हिदायत देकर अनीस ने कनाड़ा को उड़ान भर दी किन्तु विमान दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो गई। उसके भाई ने इस आधार पर फ्लैट के कब्जे हेतु वाद चलाया कि मुस्लिम विधि के उपबन्धों के अनुसार दान पूरा नहीं हुआ था। विवेचन कीजिए।

**7.** Discuss the rules relating to abatement of legacies:

(i) A executes a Will giving Rs 90,000 to his friend F, 60,000 to a school S and 60,000 to a Hindu temple H. His total property on the date of his death is Rs 1,80,000 only. Discuss who would get the property and what would be their shares under Sunni and Shia laws?

ii) A executes a Will of his property giving one third of it to X, one third to Y, and one third to Z. He died leaving behind property worth 15 crores.

Discuss who would get the property and what would be their shares under Sunni and Shia laws?

वसीयत सम्पदा में कमी के सम्बन्ध में नियमों का विवेचन कीजिए।

(i) A ने एक *विल* निष्पादित की जिसमें उसने 90,000 रुपए अपने मित्र F को, 60,000 रुपए स्कूल S को तथा 60,000 रुपए एक हिन्दू मन्दिर H को दिए। उसकी मृत्यु की तारीख को उसकी कुल सम्पत्ति केवल 1,80,000 रुपए थी। विवेचन कीजिए कि सुन्नी और शिया विधियों के अन्तर्गत सम्पत्ति को कौन-कौन प्राप्त करेंगे और उनके शेयर क्या-क्या होंगे ?

(ii) A अपनी सम्पत्ति की *विल* निष्पादित करता है जिसमें वह उसका एक-तिहाई X को, एक तिहाई Y को तथा एक तिहाई Z को देता है। वह अपने पीछे 15 करोड़ की सम्पत्ति छोड़कर स्वर्ग सिधार गया। विवेचन कीजिए कि सुन्नी और शिया विधियों के अन्तर्गत उक्त सम्पत्ति को कौन-कौन प्राप्त करेंगे और उनके शेयर क्या-क्या होंगे ?

**8.** (i) A, a Sunni male died leaving behind his parents F and M, three widows, $W_1$, $W_2$, and $W_3$; five sons $S_1$, $S_2$, $S_3$, $S_4$, $S_5$ and two daughters $D_1$ and $D_2$. He leaves behind property worth Rs 80 crores. Discuss who would get the property and what would be their shares?

(ii) A, a Sunni female died leaving behind her parents F and M, her deceased husband's sister Si, and a step son S, (her deceased husband's son from another marriage). F, M, Si and S were living with her till her death and were being maintained by her. She leaves behind property worth Rs 10 crores. Discuss who would get the property and what would be their shares?

(i) एक सुन्नी पुरुष अपने पीछे अपने माता-पिता F तथा M तीन विधवाएँ $W_1$, $W_2$ और $W_3$ पाँच पुत्र $S_1$, $S_2$, $S_3$, $S_4$ और $S_5$ तथा दो पुत्रियाँ $D_1$, और $D_2$ छोड़कर मृत्यु को प्राप्त हो गया। उसने अपने पीछे 80 करोड़ रु. की सम्पत्ति छोड़ी है। विवेचन कीजिए कि उक्त सम्पत्ति को कौन-कौन प्राप्त करेंगे और उनके शेयर क्या-क्या होंगे ?

(ii) एक सुन्नी महिला अपने पीछे अपने माता-पिता F तथा M अपने मृतक पति की बहन Si तथा सौतेला पुत्र S (उसके मृतक पति की अन्य शादी से उत्पन्न पुत्र)। F, M, Si तथा S उसकी मृत्यु तक उसके साथ रह रहे थे तथा उसी के द्वारा पालित-पोषित हो रहे थे। उसने अपने पीछे 10 करोड़ रुपए की सम्पत्ति छोड़ी है। विवेचन कीजिए कि उक्त सम्पत्ति को कौन-कौन प्राप्त करेंगे और उनके शेयर क्या-क्या होंगे ?